# नागरिक बैंक विदिशा ने अर्जित किया 16.67 लाख का लाभ

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित विदिशा की 22 वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन आज दिन रविवार को किया गया ।

सर्वप्रथम मॉ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं ज्योति प्रज्वलित बैंक अध्यक्ष श्री अवधेश सिंह यादव द्वारा किया गया । इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष महेन्द्र यादव संचालक उपाध्यक्ष श्री संतोष शर्मा श्रीमती रजनी जगदीश चंद राठी, संचालक श्रीमती साधना अमित जैन, श्रीमती रितु आलोक जैन, श्रीमती विनिता विक्रम सिंह राजपूत, श्री योगेन्द्र गोहिया, श्री राजनारायण यादव, श्री ज्ञान सिंह दांगी, आदि भी उपस्थित थे । सरस्वती पूजन उपरांत सरस्वती वंदना बहिन सुनयना, वंशिता, भैया मृदुल जैन द्वारा प्रस्तुत की गई । इसके पश्चात् अध्यक्ष एवं संचालक मण्डल का स्वागत बैंक के कर्मचारियों द्वारा किया गया।

तत्पश्चात् बैंक अध्यक्ष श्री अवधेश महेन्द्र यादव ने सभा को संबोधित करते हुये सदस्यों को बैंक की प्रगति से अवगत कराया । अपने प्रतिवेदन में उन्होंने बताया कि नागरिक बैंक द्वारा ए टी एम, पॉस, मोबाईल एप, एस एम एस अलर्ट, आर टी जी एस एवं एन ई एफ टी, आई एम पी एस, यू पी आई की सुविधा प्रदान की जा रही है । अब बैंक द्वारा क्यू आर कोड योजना भी प्रारंभ कर दी गई है जो कि व्यापारियों के लिए बहुत उपयोगी है । बैंक इस वर्ष रू. 16.67 लाख के लाभ में रही है । सहकारिता विभाग द्वारा बैंक को ए ग्रेड प्रदान की गई है ।

इसके पश्चात् बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र जैन द्वारा विषयवार स्थिति सभा के समक्ष प्रस्तुत की गई तथा सभा द्वारा प्रत्येक विषय पर अनुमोदन एवं स्वीकृति प्रदान की गई ।

अंत में उपाध्यक्ष श्री संतोष शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया । सभा का संचालन श्री अजय यादव द्वारा किया गया । तत्पश्चात् राष्ट्रगान के साथ सभा की कार्यवाही समाप्त की गई ।

---

प्रति,

श्रीमान संवाददाता महोदय ——————————————— की ओर प्रकाशनार्थ ।